महत्वपूर्ण एवं खास

लापरवाह 2 रोजगार सहायकों की सेवा समाप्त की गई

बीजापुर (आरएनएस)। जिले में मनरेगा के कार्यों में लापरवाही बरतने पर जिला पंचायत सीईओ रवि साहू ने ग्राम पंचायत चिन्नाकवाली के रोजगार सहायक रमेश कोर्राम और मिरतुर के सुकमन कड़ती की सेवा समाप्त कर दी गई है। सहायक परियोजना अधिकारी नारायण बंजारा ने बताया कि यह कार्रवाई जनपद सीईओ से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर की गई है। दोनों रोजगार सहायक योजना को जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करने में लापरवाही बरत रहे थे। उन्होने बताया कि मिरतुर के रोजगार सहायक सुकमन कडती बिना किसी पूर्व सूचना के लम्बे समय से अपने कार्यों में अनुपस्थित रहने के कारण सेवा समाप्ति की कारवाई की गई। चिन्नाकवाली के रोजगार सहायक रमेश कोर्राम पर योजनाओं के क्रियान्वन में लापरवाही के साथ जनपद स्तर पर योजना की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में निरंतर अनुपस्थित रहने एवं कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण सेवा से पृथक किया गया है। सेवा समाप्त करने से पूर्व एक माह का मानदेय उन्हें दिया गया। ज्ञात हो कि 03 माह में रोजगार सहायकों पर यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले मुरदण्डा के लापरवाह रोजगार सहायक दुर्गा रत्नम की सेवा समाप्त की गई है।

अंडों को बचाने के लिए पक्षी ने दी अपनी जान

कांकेर (आरएनएस)। जिले में एक पक्षी का ममतामयी वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, विडियों में देखा जा रहा है कि जंगल में आग लगी थी, जब पक्षी ने देखा कि उसके अंडे आग में जल सकते हैं तो वह अपने अंडों को बचाने के लिए उसके ऊपर बैठ गई, इस दौरान जब आग पक्षी के करीब पहुंची तो नाइटजार पक्षी भी आग की चपेट में आ गई। अंडों को बचाने के लिए पक्षी वहां से नही हटी, जिससे उस पक्षी की आग में जलकर मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पक्षी को क्षेत्रीय भाषा में कप्पे नाम से जाना जाता है, कप्पे पक्षी कभी अपना घोसला ऊंचे स्थान पर नहीं बनाती है। रेतीले जमीन,पत्तों और खेत में पाए जाने वाले इस पक्षी को नाइटजार के नाम से भी जाना जाता है। अंधेरे में रात को कही रौशनी दिखाई दे तो आकर्षित होकर रोशनी के ओर यह पक्षी दौडऩे लगती है। नाइटजार पक्षी साल में दो अंडे देती है। बिना घोसले के पूरी जिंदगी बिता देती है। जंगल में बढ़ते इंसानी दखल और पतझड़ के मौसम में आग लगने के कारण यह पक्षी विलुप्ति के कगार पर है। यह अपने अंडों और बच्चों को बचाने के लिए पानी, ठंड, धूप, आग किसी का भी सामना करने के लिए तैयार रहती है, यह वायरल हो रहे विडियों से प्रमाणित होता है।

तेंदुए के खाल के साथ दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

कांकेर (आरएनएस)। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 20 लाख रुपये के दो नग तेंदुए के खाल के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपी तेंदुए के खाल को बेचने ग्राहक की तलाश कर रहे थे. इस दौरान पुलिस ने धरदबोचा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि, सरंगपाल के पास दो लोग तेंदुए की खाल बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं. सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा। दोनों ही आरोपी रैतुराम कोर्राम और तीजुराम कश्यप कोंडागांव जिले के मरदापाल थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं. दोनों आरोपी तेंदुए की खाल अपने पास रखे हुए थे. पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि, मरदापाल के जैतु बघेल और पुलराम कोर्राम ने उन्हें यह खाल कांकेर में जाकर बेचने कहा था. बेचने पर उन्हें 30-30 हजार रुपये देने की बात कही गई थी. फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. वहीं जब्त किए गए तेंदुए के खाल की कीमत 20 लाख रुपये आंकी जा रही है।

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 : पूरे देश में बेस्ट परफॉर्मिंग डिस्ट्रिक्ट में रायपुर जिला को मिला दूसरा स्थान

❒ राष्ट्रीय स्तर के रैंकिंग हेतु डेल्टा अचीवमेंट स्कोर के अनुसार की जाती है गणना

❒ रायपुर जिला को फस्ट्र स्टार केटेगरी में दूसरा स्थान मिला

रायपुर (आरएनएस)। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 में जिला रायपुर ने तिमाही अक्टूबर से दिसंबर 2022 के मध्य क्वार्टरली प्रोग्रेस रैंकिंग में सर्वोत्तम प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर के रैकिंग में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा सर्वेक्षण किया गया है। जिसमें कर्नाटक के हावेरी जिला को प्रथम तथा कर्नाटक के ही बेंगलुरू अर्बन डिस्ट्रीक्ट को तीसरा स्थान मिला है। वही छत्तीसगढ़ के रायपुर जिला को फस्ट्र स्टार केटेगरी में दूसरा स्थान मिला है। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने जिले की जनता एवं स्वच्छ भारत मिशन की टीम को बधाई देते हुए कहा कि सभी के प्रयास से ही संभव हुआ है।

कलेक्टर डॉ भुरे ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर के रैकिंग हेतु डेल्टा अचीवमेंट स्कोर के अनुसार गणना किया जाता है। उन्होंने बताया कि ओडीएफ ग्राम घोषित किए जाने हेतु आवश्यक मापदंड में ओ डी एफ प्लस उदीयमान अंतर्गत- ग्राम के सभी परिवारों एवं संस्थानों में शौचालय, एवं गांव में ठोस अथवा तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था करना तथा ओडीएफ प्लस उज्जवल अंतर्गत- ग्राम के सभी परिवारों एवं संस्थानों में शौचालय तथा गांव में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था और ओ.डी.एफ. प्लस उत्कृष्ट अंतर्गत- ग्राम के सभी परिवार एवं संस्थानों में शौचालय, गांव में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, कम कूड़ा, कम जमा पानी, और प्लास्टिक अपशिष्ट जमा न हो एवं पांच प्रकार की आई ई सी पेंटिंग शामिल है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश छिकारा ने बताया कि ग्राम को ओ.डी.एफ. प्लस घोषित करने हेतु 478 ग्राम से 264 ग्राम ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और 356 ग्रामों को तरल अपशिष्ट प्रबंधन में चिन्हित कर दिया गया है। जिसमें उदीयमान में कुल 193 गांव, उज्जवल में कुल 111 गांव एवं उत्कृष्ट में 86 गांव घोषित करते हुए कुल 390 ग्राम को ओ.डी.एफ. ग्राम घोषित किया गया है। कुल ग्राम से 81.58 प्रतिशत ग्राम को ओडीएफ प्लस ग्राम घोषित किया गया है तथा ओ.डी.एफ. प्लस फेस-2 अंतर्गत कुल 296 सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया है जिसका सामुदायिक स्तर पर उपयोग किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि ओडीएफ प्लस फेस-2 अंतर्गत कुल 319 ग्राम में ठोस कचरा पृथक्करण शेड के साथ वर्मी एवं नाडेप का निर्माण कर इन ग्रामों में स्वच्छता ग्राही दीदियों को संलग्न कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य पंचायत स्तर में किया जा रहा है। ओडीएफ प्लस फेस 2 अंतर्गत सभी ग्राम पंचायत एवं ग्रामों में ओडीएफ के स्थायित्व को बनाए रखने हेतु शिक्षा ग्राही द्वारा ग्राम/ ग्राम पंचायत स्तर में विभिन्न गतिविधियां जैसे- सामूहिक श्रमदान, नारा लेखन, दीवाल लेखन, रात्रि चौपाल एवं सामूहिक बैठक अन्य कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत जिले में 251 जोड़ों का हुआ विवाह, स्वस्ति वचनों के साथ जीवन की नई डगर के लिए बढ़ाए कदम

दुर्ग (आरएनएस)। जिले भर में आज 251 जोड़ों ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम अंतर्गत वैवाहिक संस्था में प्रवेश किया। पारंपरिक रीतिरिवाजों के मुताबिक जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में नवदंपत्तियों को शुभाशीष देते हुए विधायक अरुण वोरा ने कहा कि आप सभी विवाह संस्था में प्रवेश कर रहे हैं। आप अपने परिजनों के साथ आये हैं और सब इस मौके पर बहुत खुश हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग ने बहुत अच्छी तैयारी विवाह की कराई है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सामाजिक कल्याण को लेकर बहुत अच्छी योजनाएं चलाई जा रही हैं इनमें मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना भी एक है। इस मौके पर नवदंपत्तियों को शुभाशीष देते हुए महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने लोगों के आर्थिक विकास के साथ ही सामाजिक सांस्कृतिक तरक्की की ओर भी पूरा ध्यान दिया है। शासन की योजनाएं जीवन के हर पड़ाव से संबंधित हैं और हमें सहयोग करती हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी यादव थनौद पहुंची और वहां दंपत्तियों को आशीर्वाद दिया। रिसाली महापौर शिशि सिन्हा ने भी नवदंपत्तियों को आशीर्वाद दिया। पाटन में मुख्यमंत्री के ओएसडी आशीष वर्मा ने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर भिलाई चरोदा महापौर निर्मल कोसरे ने भी नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। विवाह की शुरूआत दोपहर को हुई और पूरे रस्मों के साथ विवाह संपन्न हुई। आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों एवं सुपरवाइजर्स ने जिले के नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की जानकारी दी और 251 जोड़े तय हुए। इन जोड़ों में दुर्ग के शहरी और ग्रामीण परियोजनाओं से 110 जोड़े, धमधा से 35 जोड़े, अहिवारा से 26 जोड़े, भिलाई 1 से 36 जोड़े, भिलाई 2 से 10, पाटन से 24 और जामगांव एम परियोजना से 14 जोड़े शामिल किये गये हैं। नवदंपत्तियों के परिजनों ने बताया कि हमें बहुत अच्छा लगा। बहुत सुंदर तरीके से विवाह के रस्म कराए गये। पंडित जी ने हर रस्म के महत्व के बारे में बताया। हर रस्म के महत्व के बारे में जानना हमें बहुत अच्छा लगा क्योंकि अक्सर शादियों में संस्कृत मंत्र ही होते हैं लेकिन उनका हिंदी में अनुवाद और इसकी गहराई हमें पंडित जी के माध्यम से पता चली।

एक मुस्लिम और एक क्रिश्चयन जोड़े की भी शादी- भिलाई में कन्या विवाह योजना अंतर्गत एक मुस्लिम और एक क्रिश्चयन जोड़े का भी विवाह धार्मिक रीतिरिवाज के अनुरूप संपन्न हुआ। मुस्लिम विवाह के रीतिरिवाजों के अनुरूप शादी हुई और क्रिश्चयन जोड़े की शादी भी क्रिश्चयन रीतिरिवाजों के अनुरूप हुई।

किसानों से इस खरीफ सीजन में 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की हुई है खरीदी

❒ कस्टम मिलिंग के लिए 104 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार की कुशल प्रबंधन के कारण अब तक कस्टम मिलिंग के लिए 104 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का उठाव हो चुका है, जबकि 106 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान के उठाव के लिए डीओ जारी कर दिया गया है। किसानों से समर्थन मूल्य पर इस वर्ष 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की सफलतापूर्वक खरीदी की गई है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री की पहल पर पिछले वर्ष की तर्ज पर इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए सीधे उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव शुरू किया गया था, जिसके चलते राज्य सरकार को परिवहन व्यय में काफी कमी आयी है। इसके साथ ही धान खरीदी के बाद धान उठाव की लंबी प्रक्रिया से भी निजात मिली है। राज्य सरकार ने इस वर्ष 23 लाख 42 हजार से अधिक किसानों से 31 जनवरी 2023 तक 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की है। किसानों को धान खरीदी के एवज में 22 हजार 67 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है।

बीजापुर में नक्सलियों ने सड़क निर्माण में लगे पोकलेन मशीन को किया आग के हवाले

बीजापुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में नक्सलियों का उत्पात लगातार जारी है। भोपालपटनम ब्लाक के नक्सल प्रभावित गांव पोषणपल्ली में नक्सलियों ने दोपहर में 2-3 बजे के लगभग एक पोकलेन मशीन को आग के हवाले कर दिया है। नक्सलियों ने आगजनी की वारदात को उस वक्त अंजाम दिया हैं। जब वहां सडक़ निर्माण का काम चल रहा था।

भोपालपटनम थाना के पोषणपल्ली में दिया घटना को अंजाम- मिली जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के तहत भोपालपटनम ब्लाक के अतिसंवेदनशील पोषणपल्ली से नुगुर तक 8 किलो मीटर की मिट्टी मुरुम का काम गुप्ता कस्ट्रेक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है। जिसकी लागत दो करोड़ इकहत्तर लाख रुपये बताई गई है। बुधवार को भी इस सडक़ पर निर्माण का काम चल रहा था। तभी दोपहर के तकरीबन 2 से 3 बजे के बीच कुछ हथियार बंद नक्सली कार्य स्थल में आ धमके और काम बंद करने को कहा।

इसके बाद वहां सडक़ निर्माण में लगी पोकलेन मशीन को नक्सलियों आग के हवाले कर दिया। पीएमजीएसवाय के ईई मोहन सोनी का कहना है कि यह सडक़ का काम गुप्ता कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा हैं। आगजनी की घटना की खबर उन्हें भी मिली हैं। फिलहाल विस्तृत खबर उन तक नहीं आई हैं। वहीं खबर लिखे जाने तक पुलिस अधीक्षक आंजनेय वाष्णेय से उनका वक्तवय जानने के लिए दूरभाष पर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया की वो पुलिस अधिकारियो से चर्चा कर इस घटना की पुष्टि कर पाने की बात कही।

नकल करते पकड़ाई पार्षद की पत्नी, ला की दे रही थी परीक्षा

बिलासपुर (आरएनएस)। विधि की परीक्षा में कांग्रेस पार्षद की पत्नी नकल करते पकड़ी गई है. अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय की उडऩदस्ता टीम ने महिला परीक्षार्थी को रंगे हाथों पकडऩे के बाद नकल प्रकरण बनाया। जानकारी के अनुसार, कौशलेन्द्र राव विधि महाविद्यालय में विधि संकाय के अंतिम एवं तृतीय वर्ष की परीक्षा थी. नकल प्रकरणों को रोकने के लिए गठित अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के उडऩदस्ता टीम ने ह्यूमन राइट्स विषय की परीक्षा में कांग्रेस पार्षद रविन्द्र सिंह की पत्नी सीमा सिंह नकल करते पकड़ा। मिली जानकारी के अनुसार राज्य की अटल यूनिवर्सिटी के अधीन महाविद्यालयों में परीक्षाएं चल रही है. इसी कड़ी में लिंक रोड स्थित कौशलेन्द्र राव विधि महाविद्यालय में बुधवार को विधि संकाय की परीक्षा थी. अपरान्ह 11 से दो बजे तक विधि संकाय के अंतिम एवं तृतीय वर्ष की परीक्षा आयोजित थी. इसमें ह्यूमन राईट्स विषय के प्रश्नपत्र देने विधि छात्र एवं छात्राएं पहुंचे थे। विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में नकल रोकने की गरज से उडऩदस्ता की टीम महाविद्यालय में दोपहर को पहुंची. गहन परीक्षण के बाद यहां नकलची नहीं मिले. थोड़ी देर बाद नकल पकडऩे वाली उडऩदस्ता टीम फिर धमक गई और एक एक विद्यार्थी के प्रश्नपत्र और उत्तरपुस्तिकाएं उलट-पलट कर देखने लगी. बताया जाता है कि उडऩदस्ता टीम को कांक्रीट जानकारी मिली थी कि वहां एक कांग्रेस नेत्री अपने पद और प्रभाव के कारण धड़ल्ले से नकल मार रही है। तीन सदस्यीय उडऩदस्ता टीम पूर्व पार्षद सीमा सिंह के पास पहुंची. टीम को टेबल के अंदर से नकल के कागज मिला, जिसमें चल रहे पेपर के कई उत्तर लिखे हुए थे. इसके सबूत और पंचनामा बनाने के बाद टीम ने सीमा सिंह से नकल सील साइन लेने के बाद सिंह से उत्तरपुस्तिका जमा करा ली गई. पूरा प्रकरण केन्द्र को सौंप दिया गया।

मूंगफली की उन्नत खेती से बढ़ रही है किसानों की आय

गरियाबंद (आरएनएस)। जिले में फसल परिवर्तन के तहत किसान अब मूंगफली की खेती कर अच्छी आमदनी अर्जित कर रहे हैं। गतवर्ष 2021-22 में कृषि विभाग के टरफा योजनांतर्गत विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम रोबा में मूंगफली फसल प्रदर्शन आयोजित किया गया था। जिसमें ग्राम रोबा के 14 किसानों को सामूहिक रूप से मूंगफली की उन्नत किस्म धारणी का बीज दिया गया था। जिसमें कृषक नेहरू साहू पिता स्व. बुधराम साहू भी शामिल था। नेहरू ने अपने 1 एकड़ में कृषि भूमि में कृषि विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में मूंगफली की खेती की। नेहरू को बीज व आदान सामग्री कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड- फिंगेश्वर से प्राप्त हुआ। कृषि विभाग द्वारा कृषक को बीजोत्पादन कार्यक्रम के तहत् छ.ग. राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था जिला गरियाबंद में पंजीयन कराया गया। कृषक नेहरू ने बीज निगम में अपने उत्पादित मूंगफली को 6500 रुपये प्रति क्विंटल दर पर विक्रय कर समर्थन मूल्य से अतिरिक्त राशि 650 रुपये प्रति क्विंटल की आमदनी हासिल की। कृषक नेहरू साहू ने 52 हजार रूपये के मूंगफली विक्रय किया है। कृषक नेहरू साहू ने बताया कि मूंगफली की खेती अन्य फसलों की अपेक्षा काफी अच्छी है, उनकी फसल को देखकर ग्राम के अन्य कृषक भी मूंगफली की खेती की ओर प्रेरित हो रहे है। गतवर्ष की भांति इस वर्ष रबी 2022-23 में भी कृषक ने मूंगफली की उन्नत किस्म लिपाक्षी की खेती की है।

उप संचालक कृषि ने बताया कि विकासखण्ड फिंगेश्वर में 120 हेक्टेयर में ग्राम रोबा, पुरैना, मडवाडीह, बिजली, कौंदकेरा, श्यामनगर के किसानों ने मूंगफली की खेती की है। उक्त ग्राम के कृषकों को विकासखण्ड कार्यालय से मूंगफली बीज लिपाक्षी किस्म का वितरण किया गया है, जो सूखा एवं कीट/रोग प्रतिरोधक किस्म है। कृषकों को अच्छा लाभ होने से पिछले वर्ष की भांति से वर्ष विकासखण्ड फिंगेश्वर के कृषकों का रूझान मूंगफली की खेती की ओर काफी बढ़ा है।

मिलेट मिशन योजना : कोदो, कुटकी व रागी फसल उत्पादन से किसानों को होगा अधिक मुनाफा

❒ जनसंपर्क विभाग द्वारा करतला के ग्राम बेहरचुंआ में आयोजित की गई सूचना शिविर

❒ लोगों को जनकल्याणकारी शासकीय योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी

कोरबा (आरएनएस)। राज्य शासन द्वारा संचालित मिलेट मिशन योजना अंतर्गत मोटे अनाजों कोदो, कुटकी एवं रागी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके उत्पादन से किसानों को अधिक मुनाफा होगा। सीमित संसाधन और कम पानी में भी कोदो, कुटकी, रागी फसल की अधिक उत्पादन होती है। जिससे किसानों की खेती लागत में कमी आती है। साथ ही किसानों की आय में अधिक वृद्धि होती है। उक्त जानकारी आज विकासखण्ड करतला के ग्राम बेहरचुंआ में आयोजित सूचना शिविर के माध्यम से किसानों की दी गई। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा सूचना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सूचना शिविर से लोगों को योजनाओं और उसके लाभ के बारे में जानकारी मिल रही है। शिविर में जनसंपर्क विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी से संबंधित प्रचार पुस्तिकाओं जैसे हमर माटी हमर कलेवा हमर तिहार, भेट मुलाकात आपके साथ आपकी बात, न्याय के चार साल, जनमन पत्रिका एवं संबल आदि पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। सूचना शिविर में शिक्षा विभाग, खाद्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला बाल विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, राजस्व, कृषि, वन, विद्युत विभाग एवं क्रेडा सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित होकर लोगों को अपनी-अपनी विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही लोगों से उनकी समस्याओं और मांगो से संबंधित आवेदन भी लिए गए। सूचना शिविर में रामपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर, जनपद सदस्य रामप्यारे बिंझवार, सीईओ जनपद पंचायत करतला एम. एस. नागेश, तहसीलदार करतला पंचराम सलामे, सरपंच बेहरचुंआ उपेंद्र सिंह राठिया सहित बेंदरकोना, चैनपुर, रामपुर, खुटाकुड़ा एवं अन्य गांवों के जनप्रतिनिधि और नागरिकगण मौजूद रहे।

सूचना शिविर में लोगों को गोधन न्याय योजना, शहीद महेंद्रकर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना, महिला कोष, हाफ बिजली बिल योजना, वृक्ष संपदा योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कृषि विभाग द्वारा जैविक खेती में मददगार गौमूत्र से निर्मित जैविक कीटनाशक ब्रम्हास्त्र के बारे में जानकारी दी गई। रासायनिक और हानिकारक कीटनाशकों के प्रभाव से फसल को बचाने के लिए ब्रम्हास्त्र अधिक मददगार है। इससे फसलों को कोई नुकसान नहीं होता और कीट से भी राहत मिलती है। यह महंगे रासायनिक दवाईयों की तुलना में काफी सस्ता है। जिससे किसानों की भी आर्थिक बचत होती है। शिविर में मछली पालन विभाग द्वारा किसानों के लिए हितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पशुधन विभाग द्वारा राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना तथा पशुपालन के लिए किसानों को दी जाने वाली अनुदान के बारे में बताया गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सांवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU